हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 जामगांव आर में रजत महोत्सव का किया आयोजन





13 टाउनशिप ए और बी का वार्षिक मिलन समारोह...






## खबर संक्षेप

### ग्राम तिलखैरी मनासगान प्रतियोगिता 7 फरवरी से

**अंडा।** ग्राम तिलखैरी मनासगान प्रतियोगिता 7 फरवरी व 8 फरवरी दो दिवसीय रखा गया हैं, साथ ही साथ 9 फरवरी को मंडई मेला रात्रि में- शिव - भोला नाच पार्टी करमतरा (जालबांधा) की प्रस्तुति होगी।

### पेंशनधारी संघ का मासिक बैठक 6 फरवरी को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 फरवरी शुक्रवार को 12 बजे से रखा गया है। अध्यक्ष पेंशन धारी कल्याण संघ बालोद आर.एम. चावड़ा ने पेंशनर साथी बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।

### गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी बस्ती क्षेत्र से छावनी बस्ती, जामुल निवासी कल्याण वर्मा, आदिवासी नगर, छावनी, जामुल लोकेश उईके को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने 1 किलो 530 गांजा, नगद राशि, मोबाइल जब्त किया।

### सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पाटन पुलिस थाना क्षेत्र में वार्ड 9 में इलेक्ट्रॉनिक दुकान की आड़ में मोबाइल फोन से सट्टा कारोबार करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने देशमुख मोहल्ला, बुधवारा बस्ती पाटन निवासी नितेश कुमार देवांगन को पकड़ा गया। उसके पास से एक टाटा कंपनी का वाहन 15 लाख, मोबाइल 20 हजार, सट्टा पट्टी जब्त किया गया। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### धोखाधड़ी कर रकम ट्रांसफर करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धोखाधड़ी कर रकम ट्रांसफर करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मोबाइल फोन के गुम होने के बाद उसके दुरुपयोग कर 1.23 लाख 900 रुपये की ठगी करने वाले आरोपी जिला कैमूर बिहार निवासी सचिन किसपोट्टा को गिरफ्तार किया गया है। 6 मार्च 2024 को पीड़ित संतोष कुमार ने छावनी पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत किया था। जिसमें एमआई कंपनी का मोबाइल फोन गुम हो गया है। मोबाइल में जियो और आइडिया कंपनी के सिम कार्ड लगा हुआ है। कुछ ही समय बाद पीड़ित को जानकारी मिली कि उनके फोन-पे यूपीआई अकाउंट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल 1.23 लाख 900 रुपए अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया। छावनी पुलिस जांच करना शुरु किया। तकनीकी साक्ष्यों और बैंक से जानकारी के आधार पर खाते की पहचान की गई।

### दानवीर भामाशाह छात्रावास भवन का भूमिपूजन, बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 25 लाख की घोषणा

# साहू समाज मेहनत, साधना और त्याग से विविध क्षेत्र में अग्रणी है : उपमुख्यमंत्री साव








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि साहू समाज अपने मेहनत, साधना एवं त्याग–तपस्या के कारण प्रत्येक क्षेत्रें में अग्रणी मेहनतकश एवं सम्मानीय समाज है।

उन्होंने कहा कि साहू समाज के लोग अपने इस विशिष्ट उपलब्धियों एवं उच्च स्तरीय मानवीय गुणों के कारण प्रत्येक क्षेत्रें में सम्मान अर्जित कर रहे हैं। साव जिला मुख्यालय बालोद के दल्लीरोड स्थित साहू सदन में आयोजित जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। साव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ.निरेन्द्र साहू ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं रमशीला साहू, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू सहित राज्य दुग्ध महासंघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण साहू के अलावा पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेन्द्र साहू, डॉ. दया राम साहू, टहल सिंह साहू, पवन साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष महेन्द्र साहू, सुनीता संजय साहू, दुर्गानंद साहू, प्रदीप साहू, तहसील अध्यक्ष मिथलेश साहू, अर्जुन्दा उमाशंकर साहू एवं अन्य सामाजिक प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

> ■ जिला साहू संघ बालोद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं अतिथियों के द्वारा जिला साहू सदन में साहू समाज द्वारा निर्मित किए जा रहे दानवीर भामाशाह छात्रवास भवन के निर्माण हेतु भूमिपूजन भी किया गया। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने सामाजिक संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक संगठन से जोड़कर समाज के लोगों को उनके सुख, दुख में सहभागी बनने की अपील की। उपमुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय बालोद स्थित जिला साहू सदन में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 25 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू ने जिला साहू संघ बालोद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि समाज में कोई व्यक्ति छोटा एवं बड़ा नही होता अपितु समाज में प्रत्येक व्यक्ति बराबर होता है। उन्होंने सामाजिक प्रतिनिधियों को समाज क प्रत्येक व्यक्तियों का सर्वे कर साहू समाज के सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से समाज से जोड़ने को कहा। साव ने पूरे राज्य में निर्मित किए गए साहू समाज के सामाजिक भवनों के उपयोगिता के संबंध में जानकारी लेते हुए इसका उपयोग रचनात्मक कार्यों के लिए करने की भी समझाईश दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक भवनों में रोजगारमूलक गतिविधियां एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े युवा–युवतियों तथा विद्यार्थियों के लिए कोचिंग कक्षाओं का संचालन जैसे रचनात्मक कार्यों के लिए की जानी चाहिए। साव ने साहू समाज के चिकित्सकों को सामाजिक भवनों में उपस्थित होकर समाज के बीमार एवं जरूरतमंद लोगों को सेवा देने को कहा। ▶▶| शेष पेज 12 पर

# कलेक्टर मिश्रा ने स्वयं दवा खाकर किया फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का आगाज





हरिभूमिन न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में अधिकारी–कर्मचारियों एवं जनदर्शन में पहुंचे आम नागरिकों के साथ फाइलेरिया की दवाई का सेवन कर जिले में फाइलेरिया की रोकथाम हेतु जिले के प्रत्येक नागरिकों को अनिवार्य रूप से फाइलेरिया की दवाई खाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों के बीच पहुंचकर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

> ■ जिलेवासियों से की अपील

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने आम नागरिकों को फाइलेरिया बीमारी के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी भी दी। मिश्रा ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर परजीवी रोग है जो मच्छरों के काटने से फैलता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति इस बीमारी से ग्रसित होने के बाद यह बीमारी हाथ, पैर आदि अंगों में स्थाई सूजन एवं विकलांगता का कारण बन सकता है। इसके अलावा यह बीमारी कृमि संक्रमण, बच्चों में कुपोषण, एनीमिया एवं पढ़ाई में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी जिलेवासियों को अनिवार्य रूप से फाइलेरिया की दवाई का सेवन कर बालोद जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के पुनीत कार्य में सहभागी बनने की भी अपील की। कलेक्टर मिश्रा ने फाइलेरिया की दवाई के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया की दवाइयां पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी एवं शासन द्वारा अनुशंसित हैं। उन्होंने कहा कि दवा सेवन के बाद कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होता। कुछ लोगों में हल्का चक्कर, मतली या कमजोरी हो सकती है, जो यह संकेत है कि दवा शरीर में मौजूद परजीवियों पर प्रभाव डाल रही है। ऐसी स्थिति में घबराने की आवश्यकता नहीं है, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध रहेगा।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 से 25 फरवरी 2026 तक सामूहिक दवा सेवन अभियान के साथ–साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 2030 तक लिम्फैटिक फाइलेरिया हाथी पांव, फाइलेरिया रोग का उन्मूलन करना है। इसके माध्यम से समुदाय में ▶▶| शेष पेज 12 पर

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारत के गौरव की पुर्नस्थापना : पुष्पेंद्र चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



ग्राम अरमुरकसा में आयोजित मानस गान सम्मेलन ने जनमानस को राममय कर दिया। इन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शामिल हुए। उन्होंने न केवल भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना की, बल्कि उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सनातन संस्कृति और वर्तमान सुशासन पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम इस संपूर्ण जगत के नियंता हैं।

> ■ युवाओं को रामायण के आदर्शों पर चलने की अपील की

उनकी कृपा के बिना पत्ता भी नहीं हिलता। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज प्रदेश और देश में जो सुशासन की सरकार चल रही है, वह वास्तव में प्रभु श्री राम के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है। राम राज्य की परिकल्पना को साकार करना ही वर्तमान नेतृत्व का मुख्य ध्येय है। अयोध्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं, बल्कि भारत के खोए हुए गौरव की पुनर्स्थापना है। इस ऐतिहासिक घटना से पूरे विश्व में सनातन की शक्ति बढ़ी है और हर हिंदू का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है। ग्राम अरमुरकसा के मानस सम्मेलन में पुष्पेंद्र चंद्राकर ने मानस के मर्मज्ञों का सम्मान किया और युवाओं से अपील की कि वे रामायण के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में समरसता और धार्मिक चेतना का विस्तार होता है। इस अवसर पर संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य, हलधर गोरे सरपंच अरमुरकसा, ओमप्रकाश भू आर्य, कमलकांत साहू, पुष्पजीत बैस संतोष जैन, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**अब साल में मिलेगा 125 दिन का रोजगार**

# ग्राम चिल्हाटी खुर्द में मनरेगा मजदूरों को जी-राम-जी योजना की दी गयी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ब्लॉक के ग्राम पंचायत बैहाकुंआ के आश्रित ग्राम चिल्हाटी खुर्द में मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जी-राम-जी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों द्वारा मजदूरों को योजना के उद्देश्यों, लाभों और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में सरपंच किशोर कुमार साहू, सचिव रावत जी, रोजगार सहायक सेवंत भण्डारी, पंच छबिलाल साहू, देवनन्दन जांगड़े, जागेश्वरी भारती, रेणुका चंदेल, मेट दानी राम साहू, विरेन्द्र जांगड़े एवं नमेश्वरी भारती ने संयुक्त रूप से मजदूरों को जी-राम-जी योजना की विस्तृत जानकारी दी। मनरेगा जैसी योजनाओं को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाना। दिहाड़ी मजदूरों को भविष्य के लिए आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना। वक्ताओं ने बताया कि "जी-राम-जी" योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत में सम्मानजनक जीवन, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक मजबूती की नींव रखने वाली योजना है। इससे मजदूरों को नियमित रोजगार, समय पर भुगतान और सुनिश्चित कार्य दिवस मिलने से उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित मजदूरों ने भी योजना के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यदि 125 दिनों की रोजगार गारंटी वास्तव में लागू होती है, तो इससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पलायन की समस्या में भी कमी आएगी। अंत में जनप्रतिनिधियों ने मजदूरों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी रखें, पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करें और जी-राम-जी जैसी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

> **क्या है "जी-राम-जी योजना?**
>
> जी-राम-जी केंद्र सरकार की एक दूरदर्शी एवं श्रमिक हितैषी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में दिहाड़ी मजदूरों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को स्थायी रोजगार सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के तहत सरकार आगामी वित्तीय वर्ष 2026 से प्रत्येक पंजीकृत मजदूर को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की रोजगार गारंटी देने का संकल्प ले चुकी है। योजना के प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को न्यूनतम आय सुरक्षा प्रदान करना। बेरोजगारी, पलायन और आर्थिक अस्थिरता को कम करना।

### राष्ट्रीय नेतृत्व ने मजदूरों को एकजुट होने का संदेश दिया

# सीटू डेलिगेट्स सम्मेलन में श्रम कानूनों के खिलाफ 12 की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा




लौह नगरी दल्ली राजहरा के सिंधु भवन में सेंटर ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन (सीटू) का आठवां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डेलिगेट्स सम्मेलन जारी है। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि संगठन को मजबूत करने और नए श्रम कानूनों के खिलाफ 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति पर मंथन कर रहे हैं।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कामरेड तपन सेन ने कहा कि जिस तरह किसान आंदोलन के जरिए कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए सरकार को मजबूर किया गया, उसी तरह श्रमिक वर्ग को भी एकजुट होकर नए श्रम कानूनों के खिलाफ संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी की हड़ताल में मजदूरों के साथ-साथ किसानों और समाज के अन्य वंचित तबकों को भी जोड़ना जरूरी है। कामरेड तपन सेन ने कहा कि वनांचल और खनिज बहुल राज्यों में सरकार का हमला सबसे ज्यादा है और छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है। उद्योगों और खदानों के विस्तार के लिए जिन जमीनों को दिया जा रहा है, वे अधिकतर गरीबों और आदिवासियों की हैं, जहां वे पीढ़ियों से खेती करते आ रहे हैं। खदानों का विस्तार तभी स्वीकार्य है जब पहले प्रभावित परिवारों का पुनर्वास, उचित मुआवजा और रोजगार की व्यवस्था हो। उन्होंने बताया कि संघर्ष के जरिए छत्तीसगढ़ में 148 आदिवासियों को जमीन का पट्टा दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि लड़ाई केवल मजदूर वर्ग की नहीं, बल्कि सभी वंचित वर्गों के अधिकारों की है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कामरेड महा पात्रा ने कहा कि सरकार श्रम कानून इसलिए बना रही है ताकि किसी भी प्रकार के विरोध को रोका जा सके और मजदूरों को संगठित होने से वंचित किया जा सके। श्रम संहिता मजदूरों को अधिकारविहीन बनाने और मालिकों को पूर्ण अधिकार देने की दिशा में कदम है। उन्होंने कहा कि कुर्बानियों से हासिल किए गए अधिकारों को खत्म करने की साजिश की जा रही है। 12 फरवरी की हड़ताल सरकार की नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई है।

कामरेड महा पात्रा ने कहा कि हड़ताल जैसे जनवादी अधिकार को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। जिन क्षेत्रों में मजदूर संगठन नहीं हैं, वहां तक पहुंचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि सभी मुद्दों को मजदूरों तक पहुंचाया गया, तो 12 फरवरी की हड़ताल 9 जुलाई की हड़ताल से भी बड़ी होगी। सम्मेलन के दौरान महिला मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। डेलिगेट्स ने सवाल उठाया कि नए श्रम कानून महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेंगे, जबकि उन्हें रात में असुरक्षित परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यूनियनों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

सम्मेलन में सीमेंट उद्योग, एनएमडीसी, रेहड़ी-पटरी मजदूर, मध्यान्ह भोजन कर्मी सहित विभिन्न क्षेत्रों में यूनियन को मजबूत करने का लक्ष्य तय किया गया। दूसरे दिन प्रतिनिधियों ने खुले मंच पर अपने विचार रखे। शाम को शहीद अस्पताल की टीम द्वारा प्रस्तुत नाटक को खूब सराहना मिली। आज सम्मेलन के अंतिम सत्र में सभी चर्चित विषयों का सारांश प्रस्तुत किया जाएगा और नई राज्य समिति का गठन किया जाएगा।

# युवक से मारपीट की, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मड़ई देखकर आ रहे युवक के साथ पुरानी रंजिश के तहत कुछ युवको ने गाली गलौज व मारपीट कर दी।

जिसके बाद पीड़ित युवक ने दो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 21 शास्त्री नगर रेलवे कालोनी राजहरा निवासी प्रवीण कुमार यादव ने पुलिस को बताया किघोडा मंदिर साईड की मंडाई देखकर शाम अपने घर वार्ड क्रमांक 21 पैदल गांधी चौंक से होते हुए अपने साथी रवि रंगारी, गुलशन मंडावी, चौन दास मानिकपुरी के साथ आ रहे थे गौरी गौरा चौंक के पास पहुंचा था उसी समय आशीष साहू व उनके साथी मोनू दोनो मिले और रात्रि 08 बजे दोनो रास्ता रोककर मुझे पुरानी रंजिस को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए आशीष साहू धक्का देकर नाली मे गिरा दिया और अपने पास रखे लोहे के कुछ वस्तु से मेरे सिर के बाये साईड व माथा मे मारकर चोंट पहुंचाये है तथा मोनू अपने पास रखे कोई लोहे की वस्तु से मुझे दिखाकर डरा रहा था, घटना को मेरे साथी रवि रंगारी, गुलशन मंडावी, चौन दास मानिकपुरी देखे व बीच बचाव कर छुडाये हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा पांच से

**खड़गांव।** आगामी पांच से सात फरवरी तक जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लिए खिलाड़ी अभ्यास करने में जुटे है। इसी क्रम में ग्राम में थाना स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसस चयनित 3- 3 टीमें जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होगी। वर्तमान में 11 टीम पुरुष और दो महिला टीम शामिल हो चुकी है।



### अस्तित्व बचाने सड़क पर आई कांग्रेसः साहू

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम को नौटंकी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस अपना अस्तित्व बचाने के लिए सड़क पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी के बहाने प्रभु राम का विरोध कर रही हैं। भाजपा सरकार ने बापू के सपनों को साकार करते हुए विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण कानून लाकर अच्छा कदम उठाया है। उन्होंने बतायाकि मनरेगा में मात्र 100 दिन काम मिलता था लेकिन अब 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। यह योजना किसानों और मजदूरों के लिए फायदेमंद साबित होगी। इस योजना में जल से सम्बंधित कामों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देकर और फर्जीवाडा रोकने के लिए के लिए बायोमेट्रिक और आधार से वेरिफिकेशन को अनिवार्य रखा गया है। अगर किसी मजदूर को 125 दिन तक काम नहीं मिलता है तो उसे बेरोजगारी भत्ता मिलेगा।



### मरदकठेरा में योग शिविर का आयोजन

**सड़क अतरिया।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय धोधा अंतर्गत ग्राम मरदकठेरा में संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के मार्गदर्शन में एक फरवरी से निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण सामिल होकर योगाभ्यास कर रहे हैं। शिविर में अनुभवी योग प्रशिक्षक नरेश नेताम द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग एवं प्राणायाम करने का तरीका, समय आदि की जानकारी तथा योग के माध्यम से विभिन्न रोगों से बचाव की जानकारी दी जा रही है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से आयोजित किया जा रहा है। शिविर प्रभारी डॉ. नरोत्तम नेताम ने ग्राम एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।



### वार्षिक उत्सव में शामिल हुए विजय वर्मा

**सड़क अतरिया।** बीते दिवस रविन्द्र नाथ टैगोर स्कूल नर्मदा में आयोजित वार्षिक उत्सव में जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि विजय वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होने उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक को सम्मानित किया। विजय वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा से बड़ी कोई पूंजी नहीं होती और शिक्षा ही एक ऐसी पूंजी है जिसकी कभी चोरी नहीं किया जा सकता न ही उसका बटवारा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने ने स्कूल में छात्रों की प्रतिभा को निखारने वाले आयोजनों की प्रशंसा किया। श्री वर्मा के साथ गीता जघेल, लिखन जँघेल, रघुनंदन, रामकुमार भट्ट, माखन राम, मुरार जंघेल, पालक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### टीएच इलेवन के संस्थापकों का सम्मान

**राजनांदगांव।** नगर में आयोजित यादव प्रीमियर लीग 2026 के समापन समारोह में राजनांदगांव जिले में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत कर इतिहास रखने वाली खेल संस्था टीएच (टाउनहॉल) इलेवन के संस्थापक कप्तान पूनाराम यादव, रीतेश देवांगन और पोषण यादव का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि 1994 में राजनांदगांव में पहली बार फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत उस समय की प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब टीएच इलेवन द्वारा की गई थी। स्टेट हाईस्कूल मैदान पर आयोजित उस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 16 प्रमुख टीमों ने भाग लिया था। उस दौर में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता कराना एक चुनौती पूर्ण कार्य था, जिसे आर्थिक रूप से कमजोर, किंतु हौसलों से बुलंद टीएच इलेवन के सदस्यों ने पूर्ण कर एक इतिहास रचा था।



## पेज 9 के शेष

### कलेक्टर मिश्रा ने स्वयं ...

इन रोगों के संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने का कार्य करना भी है। इस अभियान के दौरान जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर–घर भ्रमण, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं निर्धारित बूथों के माध्यम से लक्षित जनसंख्या 08 लाख 13 हजार 866 को फाइलेरिया एवं कृमि नियंत्रण की दवाएँ निःशुल्क खिलाई जाएंगी। दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सामने ही कराया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि दवा सही प्रकार से ली गई है।

### साहू समाज मेहनत, साधना ...

उन्होंने साहू समाज को राज्य का सबसे बड़ा समाज बताते हुए समाज के लोगों को साहू समाज को सबसे उत्कृष्ट समाज बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए उन्हें अपने उत्कृष्ट कार्यों से समाज में नया मिशाल स्थापित करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री रमशीला साहू एवं ताम्रध्वज साहू, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, राज्य दुग्ध महासंघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू सहित अन्य अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि भक्तमाता कर्मा के आशीर्वाद एवं समाज के लोगों के सहयोग से जिला साहू संघ बालोद के सभी नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारीगण अपने उत्कृष्ट कार्यों से साहू समाज के विकास में बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। जिला साहू संघ बालोद के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा एवं समाज के सर्वांगीण विकास हेतु जिला साहू संघ के निर्धारित कार्य योजना के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज प्रमुखों एवं स्वजातिजनों का सम्मान भी किया गया।

---

### नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 9 को

# सामान्य सभा में चौराहों के नामकरण से लेकर 13 विषयों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक 09 फरवरी 2026 सोमवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहूत की गई है। बैठक में 13 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि चौक-चौराहों के नामकरण की कड़ी में पुष्पवाटिका का नाम वेद्मूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम आचार्य जी के नाम से किए जाने, डोंगरगांव रोड में ब्रम्हकुमारी प्रवेश द्वार के चौक का नाम ब्रम्हकुमारी चौक, केशन नगर स्थित चौराहे का नाम कालीबाड़ी चौक, महामाया चौक बसंतपुर का नाम संत शिरोमणी सेन जी महाराज, कौरिनभाठा स्थित चौराहे का नाम चित्रांश चौराहा, सिंधी कालोनी वार्ड नं. 23 के संत कवरराम चौराहा से झुलेलाल घाट जाने वाले मार्ग का नाम संत बाबा आसूदाराम मार्ग, वार्ड नं. 23 सिंधी कालोनी हेमू कालाणी चौक के पास स्थित गार्डन का नाम शदाणी उद्यान एवं फरहद चौक का नामा शहीद वीरनारायण सिंह चौक के नाम पर किए जाने चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

## निगम में अधिकारी कर्मचारी जुटे तैयारी में



### कर्मियों का बढ़ेगा पेट्रोल भत्ता

निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने बताया कि नगर निगम राजनांदगांव में स्वास्थ्य विभाग के फिल्ड अधिकारी/कर्मचारी (वार्ड प्रभारी, सफाई दरोगा, स्वच्छता निरीक्षक) को पेट्रोल भत्ता राशि 1000.00 रुपए (एक हजार रुपए) प्रदाय किए जाने व नगर निगम राजनांदगांव के सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ द्वारा संघ की विभिन्न गतिविधियों का संचालन हेतु 50 हजार रुपए (पचास हजार रुपए) की मांग की स्वीकृति तथा दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर स्थित प्रथम तल की 02 दुकानें, पुत्रीशाला व्यवसायिक परिसर की दुकान क्रं. 17 व सर्वेश्वरदास स्कूल के सामने निर्मित व्यवसायिक परिसर के दुकानो की नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

### विकास कामों को मिलेगी स्वीकृति

नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत गंज चौक से कन्हारपुरी तक सड़क चौडीकरण एवं उन्नयन कार्य हेतु लागत राशि 1439.90 लाख रुपए की निविदा आमंत्रण किए जाने की स्वीकृति, अधोसंरचना मद अंतर्गत शासन स्वीकृति अनुसार 350.00 लाख रुपए से नारकन्हैया नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण किए जाने हेतु जारी की गई निविदा की पुष्टि, आडिटोरियम निर्माण हेतु लागत राशि 1592.06 लाख रुपए की निविदा आमंत्रण किए जाने की स्वीकृति, ट्रांसपोर्ट नगर में नाली, रोड, लाईट व पानी की व्यवस्था हेतु राशि रुपए 490.04 लाख के सिस्टम टेण्डल नं. 178067 आहूत निविदा की पुष्टि/अनुमोदन एवं प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, मोहारा फिल्टर प्लांट से गंज चौक तक एवं नंदई चौक से इंदिरा नगर टंकी तक 600 एमएम राईजिंग मेन पाईप लाइन विस्तार कार्य हेतु न्यूनतम दर की स्वीकृति के अलावा अंतिम विषय में संपत्तिकर, युक्तिकरण की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

---

# ग्रामीणों ने की कोराना काल में नियंत्रण के नाम पर किए खर्च की जांच मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर कलेक्टर को दिया आवेदन

ग्राम पंचायत बुन्देली के ग्रामीणों ने कोरोना काल में पंचायत द्वारा कोरोना नियंत्रण पर किए गये खर्च की जांच की मांग की है। सोमवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित आवेदन देकर समाजिक अंकेक्षण करा कर जांच करने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व सरपंच इंदरमन द्वारा कोरोना नियंत्रण की आड़ में एक बड़ी राशि पंचायत से निकाल कर गबन किया है। जबकी तत्कालीन समय पंचायत खर्च करने से कतराते रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि भीषण महामारी कोरोना के समय पूर्व सरपंच द्वारा सेनेटाइजर का छिड़काव, मास्क आदि के लिए बड़ी राशि निकाला गया है। जिसकी उस समय इतने बड़े पैमाने पर कोई भी कार्य नहीं हुआ था। अगर किए गये खर्च की जांच होती है तो राशि गबन का पोल खुल सकती है।

कोरोना के समय ग्रामीण बड़ी परेशानी का सामना किया है। जांच की मांग करने वालों में हरिश चन्द्र पाल, बलदाऊ सोनी, शिवा, मदन, भीखम जंघेल, मुरत, भगवती पाल, मायराम, रेखा बाई, सीता बाई, ओमकार यादव, तुकेश, सुमरीत यादव, सुशीला, अनिल वर्मा, लोकेश जंघेल, सुरेखा, चंदा बाई, प्रकाश यादव, शिव कुमार, जगत यादव, शीत कुमार, पुष्पा बाई, कविता यादव, देवराज यादव, रमला, दिलेश्वर, पुनेश्वर, फूलेश्वरी, अशोक यादव, गंगोत्री यादव, रेणुका यादव, दिलीप, रामकिशन, माधव, अशोक पाल, खिलेश्वर आदि ग्रामीणों तत्कालीन समय पंचायत द्वारा कोरोना के नाम पर किए गये खर्च की जांच करने की मांग की है।

---

# योजनाओं की दी जानकारी

**साल्हेवारा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी साल्हेवारा ने सब स्टेशन में धूमधाम से रजत जंयती मनाया। कनिष्ठ अभियंता उपासना मौर्य ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जंयती कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता गंडई हरि प्रसाद जंघेल ने उपभोक्ताओं को सूर्य सोलर योजना की जानकारी दी। योजना के वेंडर ने बताया कि 1 किलो वाट सोलर सिस्टम के लिए केंद्र सरकार से 30 हजार एवं राज्य सरकार से 15 हजार की सब्सिडी मिल रही है। दो किलोवाट पर क्रमशः 60 और 30 हजार, 3 किलोवाट पर 78 एवं 30 हजार की सब्सिडी मिलेगी। बाकी मार्जिन मनी लोन लेकर 10 वर्षो में अदा किया जा सकता है। मुख्य अतिथि निजाम सिंह मंडावी ने वनांचल क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निरंतर जारी रखने, विद्युत विहिन ग्रामों में जल्द सर्वे कर बिजली पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चन्द्रभूषण यदु, दशरथ पटेल, ललित सोनी, मन्नु मरकाम, कमलेश जंघेल, पवार सिंह, सतीश वर्मा, मोहित रजक थे। इस दौरान नियमित बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया।



# बच्चे पहुंचे तकनीकी ज्ञान लेने पॉलीटेक्निक

- रानी रशिमदेवी सिंह कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मि देवी सिंह कालेज के भौतिक व गणित विभाग मे एनएपी तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता और डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन, आईक्यूएसी प्रभारी सृष्टि वर्मा, प्राध्यापक विकास कुमार व प्राध्यापिका खुशबू सिंहा के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज खैरागढ ले जाया गया।

प्राचार्य शंकर वराठे द्वारा स्वागत बाद उन्हें विभिन्न समूहों में विभाजित कर संबंधित विभागों के प्राध्यापकों द्वारा जानकारी दी गई।

प्रत्येक विभाग के प्राध्यापक ने अपने-अपने विभाग की कार्यप्रणाली, प्रयोगशालाओं, मशीनों, उपकरणों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी देकर प्रत्यक्ष रूप से समझाया और दिखाया। इस दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा में विज्ञान के उपयोग, मशीनों के संचालन में गणनाओं की भूमिका व औद्योगिक क्षेत्र में विज्ञान के महत्व की जानकारी दी गई।

### किया जिज्ञासा का निराकरण

स्टुडेंट्स की जिज्ञासाओ को समाधान विभागीय प्राध्यापकों बलवंत सिंह, अश्वनी यादव, गजेंन्द्र देवांगन, संतोष कुमार सत्यवंशी, पालेश्वर पटेल, इरफान खान, प्रकाशचंद खरे व सुरेन्द्र सिंहानी द्वारा सरल व प्रभावी ढंग से किया गया। मेटलर्जी विभाग मे धातुओं की गुणवत्ता और इंजीनियरिंग में उसके उपयोग, इलेक्ट्रिकल विभाग में विद्युत के जनरेशन, ट्रांशमिशन व डिस्ट्रीब्यूशन के बारे में जाना। वहीं कंप्यूटर विभाग में साइबर सुरक्षा व एआई तकनीक के बारे में जानकारी ली। भ्रमण प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से स्टुडेंट्स के सर्वांगीण विकास में सहायक होता हैं इससे उन्हे वास्तविक कार्यक्षेत्र की समझ मिलती है और भविष्य में उच्च शिक्षा सहित कैरियर चयन में सहायता मिलती है।

---

# कॉलेज स्टुडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रशिमदेवी सिंह कालेज के नए पुराने स्टुडेंट्स ने महाकाल सहित अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन कर शैक्षणिक भ्रमण किया। पांच दिवसीय भ्रमण के दौरान उन्होंने उज्जैन मे महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, पचमढ़ी, भेड़ाघाट और अमरकंटक सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कर उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और धार्मिक महत्व को जाना समझा। दल नायक सुनील वर्मा ने बताया कि यात्रा में कीर्ति वर्मा, नेहल सोनी, रेणुका गुप्ता, सोनम वर्मा, हुमेश्वरी साहू, भूमिका वर्मा, प्रीति वर्मा, पूनम साहू, पूनम वर्मा सहित पूर्व छात्र सुनील वर्मा, सदानंद निषाद, आंचल बंजारे, चांदनी वर्मा, अंजलि वर्मा, मुस्कान वर्मा, खुशबू बंजारे, विवेक बंजारे, नेमचंद वर्मा, देवसिंह वर्मा, युवराज वर्मा, भोजराम वर्मा सहित अन्य शामिल थे।




### चुनरी यात्रा में हुए शामिल

छात्रसंघ पूर्व प्रभारी लाल जेके वैष्णव के मार्गदर्शन में स्टुडेंट्स ने मां नर्मदा जन्मोत्सव अमरकंटक में चुनरी यात्रा में शामिल हुए। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन पूजा पश्चात पचमढ़ी में गुप्त महादेव मंदिर सहित हांडी खोह, पांडव गुफा का भ्रमण किया। लाल जेके वैष्णव ने सनातन धर्म समृद्धि संस्कृति को बचाने और धार्मिक विरासत कालीन परंपरा के महत्व को कायम रखने कहा।

---

## धान खरीदी की मांग को लेकर किसान संघ ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन...



**बालोद।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद के पदाधिकारियों एवं किसानो ने पंजिकृत किसानों कि धान खरीदी करने हेतु उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

---

### गंडई के सेजेस विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# वार्षिकोत्सव और पूर्व छात्र मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्थानीय पीएम श्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय में सोमवार 2 फरवरी को पूर्व छात्र मिलन, सम्मान समारोह एवं वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहाँ एक ओर बच्चों की प्रतिभा और शासन की योजनाओं का लाभ दिखा, वहीं दूसरी ओर प्रबंधन की कुछ कमियां भी चर्चा का विषय रही।

दोपहर 2 बजे से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, राउत नाचा और विभिन्न राज्यों की परंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया। विशेष रूप से रामायण पर आधारित पंडवानी और देशभक्ति गीतों ने पालकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों के महत्व पर आधारित नाटक की सराहना करते हुए कई पालकों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए पुरस्कारों की घोषणा की। देर शाम पहुंचे जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ने भी प्रस्तुतियों की जमकर



### 20 छात्राओं के खिले चेहरे

शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मुख्य अतिथियों के हाथों साइकिल पाकर छात्राएं गदगद नजर आईं।

### सेल्फी जोन में यादें ताजा

वर्ष 2000 के आसपास के पूर्व छात्रों के लिए आयोजित इस मिलन समारोह में सेल्फी जोन मुख्य आकर्षण रहा। हालांकि पहली बार हुए इस आयोजन में पूर्व छात्रों की संख्या उम्मीद से काफी कम र। कहा गया कि कार्यक्रम की सूचना ऐन वक्त पर मिलने के कारण कई पुराने छात्र शामिल नहीं हो सके। बहुत से छात्रों को कार्यक्रम की जानकारी नहीं दिया गया।

### गैर-छात्रों के सम्मान पर उठे सवाल

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन की एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई। सम्मान समारोह में कुछ ऐसे व्यक्तियों को भी मोमेंटो और बैच देकर पूर्व छात्र के रूप में सम्मानित कर दिया गया, जिन्होंने कभी इस स्कूल में पढ़ाई ही नहीं की थी। सार्वजनिक मंच से हुई इस घोषणा और सम्मान को लेकर वहां मौजूद पालकों और स्टाफ के बीच कानाफूसी होते रही। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, खम्हन ताम्रकार, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय राजपूत, जीवनदास रात्रे, राकेश जायसवाल, पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, क्रांति ताम्रकार, उमा चौबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता स्मिता दास एवं मनीष दास ने किया। अंत में प्राचार्य पवन दद्दरीया ने आभार प्रदर्शन किया।

---

# धोधा वितरण केंद्र में रजत जयंती समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

क्षेत्र के विकास और सेवा के प्रतीक वितरण केंद्र धोधा में रजत जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रमेश साहू रहे। उनके साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ नेता संजु चंदेल और सरपंच दुर्गेश वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भारी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित अतिथियों ने वितरण केंद्र की 25 वर्षों की सेवाओं की सराहना की। इस दौरान डोगेंद्र साहू, बुलाकी साहू, इलेश साहू, मनोज साहू, दिनेश वर्मा वरिष्ठ नागरिक गणेश वर्मा, संतोष साहू, मनबोधी साहू और हीरा साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्युत कम्पनी गंडई के जेई हरिप्रसाद जंघेल सहित कम्पनी के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## इंस्टाग्राम में रील बनाने को लेकर पति से विवाद पत्नी ने लगाई फांसी

**भिलाई।** रील बनाने को लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ करता था। बच्चो के ट्यूशन जाने के बाद अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और शव को पीएम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि अंजली साव 35 वर्ष सोशल मीडिया पर रील बनाया करती थी। लेकिन पति को रिल बनाना ठीक नहीं लगता था। दोनों में रिल बना को लेकर विवाद हुआ करता था। नाराज होकर अंजली ने ने घर पर फांसी लगा ली। मृतका अंजली इंस्टाग्राम पर सक्रिय रहती थी और रील बनाया करती थी। अंजली साव अपने पति पप्पू साव और दो बच्चों के साथ रहती थी। अंजली गृहिणी थी और इंस्टाग्राम पर रील बनाती थी। जबकि पति प्राइवेट काम करता है। 30 जनवरी को दंपती में विवाद हुआ। शाम को बच्चे ट्यूशन निकले गए तो अंजली पंखे से लटककर जान दे दी। जब बच्चे लौटे तो अंजली फंदे से लकटी मिली। बताया गया है कि अंजली का सोशल मीडिया का लास्ट पोस्ट 26 जनवरी को अपलोड की थी। अंजली दिसंबर माह में भी धतुरा खाकर आत्महत्या का प्रयास की थी।

## भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में अनियमितता, शिकायत

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी भिलाई के नेता जसप्रीत सिंह ने सोमवार को जनदर्शन में भिलाई नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए जिम्मेदारों को पद से हटाने ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के संरक्षण में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और निर्माण कार्यों में भारी आर्थिक अनियमितताएं हो रही हैं, जिसे वर्तमान आयुक्त और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है। जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर से मांग की है कि निष्पक्ष जांच के लिए इन अधिकारियों को हटाया जाए, अन्यथा ये अपने पद का दुरुपयोग कर साक्ष्यों और वित्तीय अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में आप नेता ने भिलाई में भू-माफियाओं के साथ मिलकर चल रहे अवैध प्लॉटिंग के खेल में आयुक्त की भूमिका की भी जांच की मांग की। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारियों को भ्रष्टाचार छुपाने के उद्देश्य से दबाया जा रहा है और पिछली शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।आप नेता ने कलेक्टर से शासन स्तर पर स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच दल गठित करने का निवेदन किया है जो पिछले वर्षों के निविदाओं और वित्तीय दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच करे।

## बीएसपी के हजारों श्रमिक न्यूनतम वेतन के मोहताज, बढ़ रहा असंतोष

**भिलाई।** औद्योगिक नगरी के नाम से चर्चित भिलाई में हजारों ठेका मजदूर केंद्र सरकार के न्यूनतम वेतन के लिए तरस रहे हैं। इसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। श्रमिक संगठनों ने ठेका कंपनियों से जल्द निर्धारित वेतन दिलाने की मांग की है। केंद्र सरकार के नए लेबर कोड को श्रमिक विरोधी बताते हुए इसके खिलाफ देशव्यापी हड़ताल की तैयारी तेज कर दी है। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रेल से देश मेंनए श्रम कानून लागू होने के बाद केंद्र सरकार ने ठेका मजदूरों के मासिक वेतन में 4 से 6 हजार रुपए वृद्धि होने की घोषणा की है। कुशल, अर्धकुशल और कुशल तीनों श्रेणी के ठेका मजदूरों के वेतन में बढ़ोत्तरी हो जाएगी। यूनियनो के मुताबिक देश के बड़े औद्योगिक केंद्र भिलाई के भिलाई इस्पात संयंत्र और औद्योगिक क्षेत्र में हजारों ठेका श्रमिक काम कर रहे हैं। बीएसपी में करीबन 24 हजार ठेका मजदूर और औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में दस हजार से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। बीएसपी के अधिकतर श्रमिकों को पहले से ही निर्धारित वेतन ठेका एजेंसियां भुगतान नहीं कर रही हैं। औद्योगिक क्षेत्र के सैकड़ों मजदूरों को भी तय वेतन से कम दिया जा रहा है। सीटू,एटक और इंटक लंबे समय से ठेकेदारों से बीएसपी के ठेका मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दिलवाने को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं।

**आयोजन :** एक साथ भोजन, संस्कार और जागरूकता का संदेश दिया

# टाउनशिप ए और बी का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





- वार्षिक पारिवारिक मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

टाउनशिप ए एवं टाउनशिप बी के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक पारिवारिक मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन टाउनशिप बंगाली क्लब, दल्ली राजहरा में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम टाउनशिप ए के अध्यक्ष गजाधर साहू एवं टाउनशिप बी के अध्यक्ष पीयूष साहू के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं, वहीं द्वितीय चरण में अतिथियों के आगमन के पश्चात भक्त माता कर्मा की आरती, स्वागत उद्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोरण लाल साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा एवं विशेष अतिथि शीतल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा रहे।

अपने उद्बोधन में शीतल साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि समाज में विवाह संस्कार के दौरान पाणिग्रहण जैसे महत्वपूर्ण संस्कारों को शुभ मुहूर्त में पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने समाज से अपील की कि परंपराओं का पालन समयबद्ध तरीके से किया जाए।मुख्य अतिथि तोरण लाल साहू ने सत्या साहू के निर्देशन में प्रस्तुत धर्मांतरण विषयक लघु नाटक की सराहना करते हुए कहा कि यह नाटक समाज को जागरूक करने वाला प्रभावशाली संदेश देता है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण का प्रभाव कम शिक्षित ही नहीं बल्कि शिक्षित वर्ग में भी देखने को मिल रहा है, ऐसे में इस प्रकार के नाटक समाज को सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने मोबाइल के दुष्परिणामों पर आधारित नाटक की भी प्रशंसा की और कहा कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इसका उपयोग आवश्यकता अनुसार और सीमित होना चाहिए।

उन्होंने समाज से अपील की कि परिवार में सामंजस्य बनाए रखने के लिए रात्रि का भोजन सभी सदस्य एक साथ बैठकर करें। गोली-चम्मच पुरुष वर्गः प्रथम पितांबर साहू, द्वितीय युवराज साहू महिला वर्गः प्रथम किरण साहू बाल वर्गः प्रथम ईशानी साहू, द्वितीय गजेंद्र साहू प्रतिभा सम्मान कक्षा 12वीं में 78 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली भावना साहू एवं रूपिका साहू, राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम रनरअप रही रूपिका साहू, सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी चेलाराम साहू तथा जिला कबड्डी संघ बालोद के उपाध्यक्ष निर्वाचित हिरेंद्र साव का सम्मान किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं द्वारा प्रस्तुत धर्मांतरण विषयक नाटक एवं मोबाइल के दुष्परिणामों पर आधारित नाटक को विशेष सराहना मिली। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी गीत, कहानी, भजन एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन घनाराम साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन पीयूष साहू ने किया।

## अछोटी स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव और उतकृष्ट विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला अछोटी में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं अन्य प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2024–2025 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह में मूलचन्द ढीमर (पालक) द्वारा शाला के समस्त विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। कार्यक्रम में ग्राम अछोटी की सरपंच झन्ना दिल्लीवार , मूलचन्द ढीमर , शाला के प्रधान पाठक राधेलाल चंद्राकर सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वार्षिकोत्सव के इस आयोजन ने बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# भक्ति और हरिनाम संकीर्तन के साथ नित्यानंद त्रयोदशी हुआ

### समारोह में भगवद्गीता की शिक्षाओं पर विशेष बल दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ प्रचार केंद्र गुरूर द्वारा 31 जनवरी को ग्राम धोबनपुरी में नित्यानंद प्रभु के आविर्भाव दिवस नित्यानंद त्रयोदशी का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से भगवान के पवित्र नामों का प्रचार, भगवद्गीता की शिक्षाओं का प्रसार तथा समाज को भक्ति–केंद्रित जीवन अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा।

वैष्णव शास्त्रें के अनुसार नित्यानंद प्रभु भगवान श्रीकृष्ण के प्रथम विस्तार बलराम से अभिन्न हैं। विभिन्न युगों में भगवान की सेवा के लिए उन्होंने अवतार लिया—त्रेता युग में लक्ष्मण तथा द्वापर युग में बलराम के रूप में। कलियुग में नित्यानंद प्रभु के रूप में अवतरित होकर उन्होंने चैतन्य महाप्रभु, जिन्हें कलियुग का अवतार माना जाता है, के साथ मिलकर नाम–संकीर्तन आंदोलन का प्रचार किया। कार्यक्रम में यह संदेश विशेष रूप से दिया गया कि भगवद्गीता के अनुसार मानव जीवन का परम उद्देश्य इस भौतिक संसार के बंधनों से मुक्त होकर भगवान की शरण प्राप्त करना है। भौतिक सुख–सुविधाएँ क्षणिक हैं और अंततः दुःख का कारण बनती हैं, जबकि भक्ति ही शाश्वत आनंद और वास्तविक संतोष प्रदान करती है। अतः मनुष्य का वास्तविक व्यवसाय सांसारिक उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि आत्मा का व्यवसाय—भगवान की प्रेमपूर्वक सेवा है। इस अवसर पर घोघोपुरि, गुरूर, कोलिहामार एवं आसपास के अन्य ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। केशव सखादास के नेतृत्व में नित्यानंद प्रभु की महिमा में हरिनाम संकीर्तन किया गया तथा कथा के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार हरिनाम को जीवन का केंद्र बनाकर मनुष्य अपने जीवन को सफल एवं सार्थक बना सकता है। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि हरिनाम संकीर्तन ही कलियुग का युग–धर्म है। कार्यक्रम के अंतर्गत नित्यानंद प्रभु का पुष्प अभिषेक संपन्न हुआ, जिसमें फूलों के माध्यम से भक्तों ने अपने प्रेम, श्रद्धा और समर्पण को अर्पित किया। इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। सभी उपस्थित भक्तों एवं ग्रामवासियों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

चैतन्य महाप्रभु एवं नित्यानंद प्रभु की परंपरा का अनुसरण करते हुए कार्यक्रम के अंत में ग्राम की गलियों में हरिनाम संकीर्तन यात्र निकाली गई, जिसमें सामूहिक रूप से भगवान के पवित्र नामों का उच्चारण किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता की और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ प्रचारकेंद्र गुरूर द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को भक्ति, भगवद्गीता की शिक्षाओं एवं शाश्वत आनंद के मार्ग से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर, कोबा में भव्य सप्तशक्ति सम्मेलन का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



- वर्तमान परिदृश्य में माता की भूमिका में होता परिवर्तन : एनुका शार्वा

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण समिति के तत्वावधान में 9 अक्टूबर से रानी दुर्गावती जयंती से प्रारंभ होकर सुभाष चंद्र बोस जयंती तक जनवरी माह में आयोजित होने वाले सप्त शक्ति सम्मेलन की श्रृंखला के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर, कोबा में भव्य सप्तशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच पूर्णिमा साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ओमिन साहू, मुख्य वक्ता राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका एनुका शार्वा तथा विशिष्ट अतिथि अंजू देशमुख एवं जीतेश्वरी देशमुख उपस्थित रहीं। अतिथियों ने भारत माता एवं सरस्वती माता के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अतिथियों का श्रीफल, साफा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, उनकी माताओं तथा शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विद्या भारती के दिशा-निर्देशानुसार सप्तशक्ति महासंगम में महिलाओं की भूमिका को प्राचीनकाल से वर्तमान परिप्रेक्ष्य तक रेखांकित करने हेतु मुख्य वक्ता सुश्री एनुका शार्वा ने प्रभावशाली उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका केंद्रीय है। शिशु अवस्था से लेकर वयस्कता तक बच्चों के सर्वांगीण विकास सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, रचनात्मकता एवं कलात्मकता में माताओं की निर्णायक भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि सशक्त, संवेदनशील और सबल मां ही स्वस्थ नागरिक का निर्माण करती है, जिससे समाज और राष्ट्र राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं वैज्ञानिक क्षेत्रों में प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। उन्होंने गार्गी, मैत्रेयी, कल्पना चावला एवं सुनीता विलियम्स के उदाहरणों के माध्यम से नारी शक्ति की प्रेरक भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर सरपंच पूर्णिमा साहू ने मां को "सभी गुरुओं में श्रेष्ठ" बताया, वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ओमिन साहू ने मां को "दीपक-पुंज" की संज्ञा दी। पूर्व छात्र द्वारा मां की महिमा को अपरंपार बताया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

कार्यक्रम में सरस्वती ज्ञान शिक्षण समिति, कोबा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कोबा के अध्यक्ष ढाल सिंह साहू, उपाध्यक्ष गजानंद साहू, सचिव व्यवस्थापक युवराम देशमुख, संयुक्त सचिव हृदेराम साहू, कोषाध्यक्ष पवन कुमार निषाद, सदस्य कांति नाईक एवं भगवती साहू, प्रधानाचार्य विष्णु प्रसाद सिंघारे सहित आचार्यगण नारद राम भुआर्य, भूलेश्वर सिंह साहू, डिलेन्द्र कुमार साहू, दिनेश्वरी साहू, त्रिवेणी देशमुख, लिखेश्वरी साहू, योगेश्वरी हरदेल, प्रियंका यादव, उकेश्वरी कोलियारे, दुर्गेश्वरी साहू, गणेशिया साहू तथा बड़ी संख्या में पालक माताएं उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन व कृमि मुक्ति अभियान 10 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- 8 लाख से अधिक लोगों को घर-घर जाकर नि:शुल्क दवाएं खिलाई जाएंगी
- विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और बूथों पर भी होगी दवा वितरण व्यवस्था

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति गतिविधि का आयोजन 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी किया जाएगा।

जिला कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी जिला बालोद ने अंतर्विभागिय समन्वय बैठक में स्वयं फाईलेरिया की बचाव की दवाई खाकर एवं समस्त विभाग के अधिकारी के दवाई खाकर आम जनता को इसे खाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियानएवं साथ ही राष्ट्रीय कृमि मुक्ति गतिविधि का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक देश से लिम्फ़ेटिक फाइलेरियासिस हाथीपांव, फाइलेरिया रोग का उन्मूलन करना है। तथा समुदाय में इन रोगों के संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ना है। फाइलेरिया एक गंभीर परजीवी रोग है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है और हाथ, पैर, अंडकोष आदि अंगों में स्थायी सूजन एवं विकलांगता का कारण बन सकता है। वहीं कृमि संक्रमण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया, कमजोरी एवं पढ़ाई में बाधा उत्पन्न करता है। अभियान के दौरान जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर–घर भ्रमण, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं निर्धारित बूथों के माध्यम से लक्षित जनसंख्या 813866 को फाइलेरिया एवं कृमि नियंत्रण की दवाएं निःशुल्क खिलाई जाएगी। दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सामने ही कराया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि दवा सही प्रकार से ली गई है। जिला कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी जिला बालोद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दवाएँ पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी एवं शासन द्वारा अनुशंसित हैं। सामान्यतः दवा सेवन के बाद कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होता। कुछ लोगों में हल्का चक्कर, गलली या कमजोरी हो सकती है, जो यह संकेत है कि दवा शरीर में मौजूद परजीवियों पर प्रभाव डाल रही है। ऐसी स्थिति में घबर की आवश्यकता नहीं है, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध रहेगा।

अभियान के दौरान 2 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति,. जिन्हें उस समय तेज बुखार या गंभीर संक्रमण हो,. अस्पताल में भर्ती रोगी व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं नगरीय निकाय, मितानिन, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाएँ एवं जनप्रतिनिधि सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे अभियान अवधि में स्वयं दवा का सेवन करें, अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों को दवा खिलवाएँ, पड़ोसियों को भी दवा सेवन हेतु प्रेरित करें, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें,स्वास्थ्य कर्मियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जनभागीदारी से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है और तभी जिले को फाइलेरिया एवं कृमि रोग से स्थायी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

इस दौरान 10 से 12 फरवरी तक बुथ लगाकर आंगनबाड़ी, स्कूल, शैक्षणिक संस्था, रेल्वे एवं बस स्टैण्ड हाउसिंग सोसायटी में दवा प्रदान की जाएगी। 13 से 22 फरवरी तक घर घर भ्रमण कर स्वास्थ अमला द्वारा दवा सेवन कराया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक मॉप अप चक्र के तहत छुटे हुए जनसंख्या को दवा सेवन कराया जाएगा। 10 से 25 फरवरी तक ओपीडी के पास बुथ लगाकर दवा सेवन सभी सरकारी एवं निजी स्वास्थ केन्द्रो में दवा सेवन कराया जाएगा।

## युवा महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**भिलाई।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में मड़ई 2025 चार दिवसीय अन्तर्महाविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 31 कृषि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। 25 से अधिक विधाओं में भारती कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। इसमें स्किट, भाषण, वाद-विवाद, चित्रकारी, पोस्टर मेकिंग, मिट्टी कला, रंगोली, मेहंदी, एलोकेशन, एक्सटेम्पोर, लोक नृत्य, एकल गीत गायन जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रही। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी छटा बिखेर अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बारामासी छत्तीसगढ़ी गीत में लोकनृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का मादर की थाप के साथ चित्रण विस्मयकारी रहा।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है आदर्श विवाह

**दुर्ग।** पोटियाकला स्थित खेल मैदान में दुर्ग जिला निषाद केवट समाज द्वारा आयोजित आदर्श विवाह और वार्षिक सम्मेलन 2026 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण वोरा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अरुण वोरा ने कहा कि आदर्श विवाह जैसे आयोजन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ-साथ सरलता, समानता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। निषाद समाज द्वारा सामाजिक एकजुटता और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ ऐसे कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय है। उन्होंने समाज की परंपराओं, शिक्षा और आपसी सहयोग को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में अरुण वोरा के साथ पूर्व महापौर आरएन वर्मा, फतेह सिंह भाटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, राजकुमार साहू, पप्पू श्रीवास्तव, सेवादल अध्यक्ष विकास सापेकर एवं मंडल अध्यक्ष सुधीर चंदेल भी उपस्थित थे।

### मोर संगवारी सेवा योजना से बने 55755 सर्टिफिकेट

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के निवासरत नागरिकों को घर बैठे शासकीय योजनाओं का लाभ दिये जाने मोर संगवारी सेवा योजना संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा इस योजना के तहत 27 प्रकार के दस्तावेज बनाने की योजना है, मोर संगवारी योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र 3917, मृत्यु प्रमाण पत्र 3059, जन्म प्रमाण 5058, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमास्ता लाइसेंस 357, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 14989, पैन कार्ड सेवा 285, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट 17655, मूल निवास प्रमाण पत्र 1448, अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 65, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 305, आय प्रमाण पत्र 4060, एपीएल राशन कार्ड 429, विवाह सुधार 255 प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। इस प्रकार कुल 51882 एवं अन्य 3873 प्रमाण पत्र बनाकर दिये जा चुके हैं।

### श्रीरामनवमीं पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक सेक्टर-9 में हुई। इसमें 26 मार्च को आयोजित श्रीरामनवमी उत्सव और शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के संरक्षक और प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने समिति द्वारा वर्षों से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला और एक मुट्ठी दान-श्रीराम के नाम अभियान की जानकारी दी। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि पिछले चार दशकों से समिति द्वारा निरंतर आयोजित यह पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का प्रतीक है। श्रीरामनवमी का पर्व धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। युवा विंग अध्यक्ष और भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा और आदर्शों की मिसाल है। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भक्ति संध्या से सुसज्जित होगा। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और एक मुट्ठी दान - श्रीराम के नाम अभियान के माध्यम से अन्न संग्रह कर महाप्रसाद तैयार किया जाएगा।

## आयोजन : ऊर्जा जागरूकता और उपभोक्ता सम्मान समारोह हुआ

# जामगांव आर में रजत महोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड शाखा जामगांव आर में मंगलवार 3 फरवरी को समरता भवन बाजार चौक जामगांव आर मे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का हुआ। सहायक अभियंता भूपेश वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव में मुख्य अतिथि साहू संघ पाटन तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। अध्यक्षता सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने किया।

विशेष अतिथि जनपद सदस्य द्वय रवि सिन्हा, रामकुमार चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति जामगांव आर प्राधिकरीत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर, भरर प्राधिकरीत अधिकारी एवं करेला सरपंच डॉ राजेश बंछोर, शासकीय कालेज समिति अध्यक्ष नरेश केला, बटरेल पूर्व सरपंच भेष आठे, पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू, भाजपा मंडल महामंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा,पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर साहू मनचासिन रहे। मुख्य अतिथि साहू संघ पाटन तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू लालटेन चिमनी का जमाना बहुत पीछे छूट गया अब तो हवा, पानी, भोजन की तरह बिजली जीवन दिनचर्या का अभिन्न अंग बन गया। अब तो गांव गांव में पीएम सूर्यघर पहुंचने लगा है। और बिजली उपभोक्ता अधिक बिजली उत्पादन की स्थिति में बिजली विक्रेता की भूमिका निभाने की स्थिति में नजर






आने लगा है। साहू ने कहा कि विद्युत विभाग छत्तीसगढ़ में रजत जयंती महोत्सव मना रहा है लेकिन उपभोक्ताओं को होने वाली समस्या को सरलता से निपटाने की योजना में भी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। विशेषकर किसान की समस्या को त्वरित समाधान दे। समस्या निराकरण के लिए नेताओं का दरवाजा ना खटखटाना पड़े तब आधिकारियों की सजगता काबिले तारीफ बन सकेगी। अध्यक्षता करते हुए सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना सरकार की शानदार योजना है, इसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए, इससे पर्यावरण सुरक्षित होगा, विद्युत विभाग उपभोक्ताओं को त्वरित और अच्छी से अच्छी सुविधा देने के लिए मेन पावर बढ़ाए, मेन पावर की कमी विभाग में स्पष्ट रूप से झलक रही है। अधिकांश विशेष अतिथियों ने अपने विचार से लाभान्वित किये। सरपंच माधुरी निषाद, अमित अग्रवाल, एमन आठे, देवकी निषाद, राजेश बंछोर का विभाग ने विशेष रूप से सम्मान किया।

### सेवानिवृत खेमलाल और भागवत का हुआ सम्मान

महोत्सव को सफल बनाने में सहायक अभियंता भूपेश वर्मा, कनिष्ठ अभियंता द्वय हेमंत देशमुख एवं ऋचा साहू, कार्यालय हेड जितेंद्र वर्मा, लाइन स्पेक्टर कमलेश वर्मा, टीडी द्वय मिथलेश यादव एवं चंद्रकांत देवांगन, लाइनमैन ओंकार वर्मा सहित स्टॉफ ने महोत्सव को सफल बनाने में महती भूमिका निभाए। विभाग से सेवानिवृत हुए खेमलाल यादव और भागवत देशमुख का सम्मान विभाग ने किया। उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया बीपीएल घरेलु कनेक्शन उपभोक्ता रामजी यादव जामगांव आर को नियमित बिल भुगतान करने पर सम्मानित किया गया। उपभोक्ता खुमान जांगड़े खोला, जितेश चंद्राकर, सालिक राम वर्मा खपरी, सुख बिलाश खपरी, गैर–घरेलु सुकवारो बाई बेल्हारी, गिरिजा चंद्राकर, चंद्रप्रभा भरर, भुवनलाल बोरवाय, संतोष साहू गातापार, कृषि पंप उपभोक्ता कमल किशोर साहू औरी, सुनील चंद्राकर अकतई, रामखिलावन पौहा, भोकलू साहू बटरेल,अंकालू साहू धमना, बीपीएल उपभोक्ता पूसाऊ यादव जामगांव आर, रामाधार यादव जामगांव आर, बलदाऊ धीवर भरर, सोहन लाल धोबी बीजाभाठा, रामाश्रा श्रीवास्तव करेला, सोलर कनेक्शन नरेश महतो बेल्हारी, यादव राम साहू बटरेल, भगवान चंद्राकर औरी, राजेंद्र शुक्ला सनत शर्मा बेल्हारी कनेक्शन को छोड़कर बाकी सभी केटेगरी के उपभोक्ताओं को 2 साल तक नियत तिथि से पूर्व का भुगतान करने के लिये मुख्य अतिथि लालेश्वर साहू, के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

### सोलर पैनल स्टाल में जानकारी लिए उपभोक्ता

मां कर्मा सोलर ने लगाए स्टॉल में उपभोक्ताओ ने विस्तृत जानकारी लिए स्टॉल प्रबंधक गिरिवर साहू ने बताया कि निलेंद्र कुमार हिरवानी, यादव राम साहू, कामता प्रसाद पटेल, गोपीलाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, लेखराम साहू, विनय कुमार, हलधर साहू में इस एरिया में लगा चुके। साहू ने उपभोक्ता पृथ्वीराज राठी को बताया कि अतिरिक्त उत्पादन होने पर सरकार बिजली खरीदती है। उपभोक्ता विक्रेता की भूमिका भी निभाकर धन अर्जन भी कर सकता है।उन्होंने बताया कि सरकार की सब्सिडी योजना का भरपूर लाभ उठाए सोलर पैनल लगाए।

## रात्रिकालीन सीजीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए जसवंत सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- छाया विधायक सिन्हा ने विजेता टीम को किया सम्मानित

नगर में चल रही रात्रिकालीन सीजीएल क्रिकेट मैच का फाइनल के साथ सोमवार को समापन हुआ, जिसमे छाया विधायक जसवंत सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। समापन अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता टीम को जसवंत सिन्हा की ओर से 70 हजार रुपए का पुरस्कार राशि प्रदान की गई। जसवंत सिन्हा ने विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दीं। सिन्हा ने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे की भावना विकसित होती है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नपं अध्यक्ष प्रमोद जैन, अश्वनी यादव एवं मॉर्निंग क्रिकेट क्लब गुण्डरदेही के सभी सदस्य गण नगरवासी उपस्थित थे।

## पसौद में तीन दिनी सस्वर संगीतमय मानस गान सम्मेलन 6 फरवरी से

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के अंतिम छोर में बसे ग्राम पसौद (हल्दी बेलोदी)मे तीन दिवसीय 6 से 8 फरवरी तक सस्वर संगीतमय मानस गान सम्मेलन का आयोजन आदर्श युवा मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से होगा। समिति के संचालक थलेश्वर साहू अध्यक्ष खिलावन साहू ने बताया जिसमे प्रथम दिवस 6 फरवरी शुक्रवार को 4 मंडलिया भाग लेगी।

जिसमें तुलसी के सिंगार बालिका मानस परिवार, खुटेरी (सिकोसा) जय कर्मा महिला मानस परिवार, भेंगारी नव साक्षर महिला मानस परिवार, पसौद प्राणोदय मानस परिवार, पसौद इसी तरह द्वितीय दिवस 7 फरवरी शनिवार को 6 मण्डली जिसमें श्री राम राग मानस परिवार, दल्लीराजहरा (बालोद) जय सिद्धेश्वर मानस परिवार देवर तिल्दा (रायपुर) शुभांजली महिला मानस परिवार, बरगाही (राज.) जयशंकर मानस परिवार, चिखली (गरियाबंद) विद्यादेवी सम्पूर्ण महिला मानस परिवार, सिघोलिखुर्द (रायपुर) जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार, फिगेश्वर (गरियाबंद)8 फरवरी रविवार अंतिम दिवस क़ो 6 मंडलिया श्री सच्चिदानंद दीपज्योति बालिका मानस परिवार, भीमकन्हार (खेरथाबाजार) श्री तुलसीबिहार मानस परिवार, पलौद (अभनपुर) गन्धर्व मानस परिवार, भैंसमुड़ी (भानुप्रतापपुर) श्री अनंत मानस परिवार, पंडरीपानी (खैरागढ़) जय बजरंग मानस परिवार, जनकपुर खिलोरा (धमधा) जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार फिंगेश्वर ( गरियाबंद) वाले मंडलिया भाग लेंगे।

## ऊर्जा संरक्षण व विद्युत सुरक्षा का संदेश देकर मनाया रजत जयंती

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

- विद्युत विभाग की रजत जयंती पर जनजागरूकता कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विभाग की 25 वर्ष स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह कलंगपुर वितरण केन्द्र विद्युत विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

इस समारोह का उद्देश्य 25 वर्षों में विद्युत विभाग की उपलब्धियों को प्रदर्शित करना और लोगों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, विद्युत सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए विविध आयोजन हुआ।

छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की राज्य सरकार द्वारा जारी विभिन्न लाभकारी जनहितकारी योजनाओं को विस्तार से अतिथियों द्वारा साझा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही रामेश्वर चंद्राकार थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कलंगपुर पुष्पा सिन्हा ने किया। साथ ही क्षेत्रीय समस्त सरपंच गण एवं सम्माननीय जन उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि के सानिध्य में उपस्थित जनपद सदस्य चन्द्राकर ने कहा विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत कर प्रदेश के प्रत्येक गांव और घरों व गलियों में बिजली पहुंचा कर अभूतपूर्व कार्य करते हुए अंधेरे को दूर किया। रजत जयंती महोत्सव आयोजित इस समारोह मे घरेलू, बीपीएल, सौर ऊर्जा, कृषि पंप आदि श्रेणी के उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को वितरण केन्द्र कलंगपुर कनिष्ठ अभियंता लालिमा साहू द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लाइन मेन शिव कुमार ढिमर, केशव दास वैष्णव, ओमप्रकाश, मनसुख साहू, कन्हैया साहू, टिकेश्वर साहू, युवराज, तोमेन्द्र, अनुज उपस्थित थे।



## स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सनराईस पब्लिक स्कूल अंडा में वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी ममता वर्मा, एवं प्राचार्य जितेंद्र साहू एवं वरिष्ठ कृषि (से. नि.) अधिकारी बी. एल रात्रे, एवं (से. नि.) पुलिस अधिकारी जी. आर रात्रे से दीप प्रज्वलित कर गया। बसंत पंचमी अवशर में मां सरस्वती वंदना किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा सातवी तक के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समां बांध दिया। मेरे देश की धरती, मेरी शान तिरंगा हैं, भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा, चक दे, चक दे इंडिया, जैसे गीतों पर बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस दौरान समारोह स्थल अभिभावकों व श्रोताओं से भरा हुआ था।

नृत्य, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान एनुअल स्पोर्ट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शाला विकास समिति के अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं विद्यालय की प्राचार्य जितेंद्र साहू ने छात्रों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने एवं देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। नोडल अधिकारी ममता वर्मा ने अभिभावकों से बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षकगण जीतेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू, नरेश विश्वकर्मा, काजल साहू, दिनेश्वरी चंद्राकर, किरण, सुमन, लता, हिमानी,ज्योति साहू, और सहायिका देविका निर्मलकर सहित स्कूल के सहायक कर्मी और बड़ी संख्या में अतिथि के तौर पर अभिभावक गण उपस्थित थे।

## समिति जामगांव आर में धान खरीदी सफल, 1557 किसानों ने किया 84,064 क्विंटल धान विक्रय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सेवा सहकारी समिति जामगांव आर के 1557 किसानों ने 84064 क्विंटल धान विक्रय किए। जिसमें से 30340 क्विंटल धान का परिवहन हो चुका है शेष 53724 क्विंटल धान का परिवहन होना शेष है, सोसायटी ने 54 लाख 18 हजार 156 रुपए का ऋण वसूली किया। उक्त जानकारी देते हुए प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने बताया कि 19 करोड़ 94 लाख 35 हजार 608 रु भुगतान हेतु 100 प्रतिशत सेवा सहकारी ने जारी कर दिया है।

चंद्राकर ने जानकारी देते हुए कहा कि सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में 1637 किसानों का पंजीयन है जिसमें से 80 किसानों के पास धान विक्रय हेतु विविध कारणों से रकबा ही नहीं है अतएव 1557 सभी किसानों ने धान का विक्रय करने में पूर्णतः सफल एवं संतुष्ट हुए। निगरानी समिति सदस्य एवं प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर, समिति सहायक प्रबंधक लक्ष्मी कुलदीप सहित लेखपाल रमेश कुमार साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर नरेश कुमार यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर कुलेश्वर यादव, हेमा चंद्राकर, तामेश्वर जोशी खुशहाल साहू, टोमेश साहू, शिवा राव बाग सहित स्टॉफ ने विक्ट्री साइन दिखाकर निर्धारित तिथि में किसानों का धान खरीदी में मिली सफलता के लिए खुशी जाहिर किए।

### प्राधिकृत अधिकारी और स्टॉफ की मेहनत रंग लाई

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक महेंद्र मढ़रिया ने बताया कि 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक प्राधिकृत अधिकारी एवं सेवा सहकारी समिति प्रबंधक एवं स्टॉफ ने योजना बद्ध समर्पित लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत किया फल स्वरूप सभी किसानों को समय। सीमा में धान विक्रय। करने का लाभ मिला। किसानों के भरपूर सहयोग से खरीदी पूर्णतः पूर्ण हुए जो सुखद अनुभूति से सराबोर है। नोडल अधिकारी प्रमेश साहू सहित किसानों का सहयोग सराहनीय रहा।

### लोगों को जीवन जीने का मार्ग दिखाता है रामचरित मानस : विधायक चंद्राकर

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत जंजगिरी, बोरीगारका, उमरपोटी, मालूद, बोरई, खुरसुल में आयोजित दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गय। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## भव्य शोभायात्रा में हरे परिधानों से दिया गया हरियाली का संदेश

# ग्राम बम्हनी में राज्य स्तरीय शाकंभरी महोत्सव धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

पटेल समाज सिब्दी राज एवं समस्त ग्रामवासी बम्हनी के कोसरिया मरार पटेल समाज के तत्वाधान में ग्राम बम्हनी में राज्य स्तरीय शाकंभरी महोत्सव का 3 फरवरी मंगलवार धूमधाम से मनाई गई।

जिसमें जिसमें ग्राम बम्हनी में शोभायात्र सुबह 9 बजे बाजे गाजे के साथ मां शाकंभरी के जय कारो व भजन करते हुए गांव महिलाएं हरे रंग की पारंपरिक परिधान हरियाली का संदेश देते हुए शोभा यात्र निकाली गई। वही आयोजन स्थल में मां शाकंभरी हरे हरे सब्जी बैंगन, गोभी, टमाटर, हरे मटर भोग लगाकर, पूरे पंडाल में सब्जी से सजाकर पूरे 108 थाली से महा आरती



हुआ, वही आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक गुंडरदेही कुंवर सिंह निषाद थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत धार्मिक पुष्पेंद्र चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक कलश यात्र शाकंभरी पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अतिथियों का स्वागत हुआ।

वही सामाजिक मेधावी प्रतिभा शाली बच्चो को राजेंद्र पटेल, धर्मेंद्र पटेल, रोमन पटेल, गीतांजलि पटेल, मोनिका पटेल, भावना पटेल, भोज राम पटेल को सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से रंगारंग प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर सिबदी राज अध्यक्ष द्वारिका पटेल ने कहा कि समाज की एकता ही सबसे बड़ी पूंजी होती है, समाज संगठित होता है तभी उनका विकास होता है, वही मरार पटेल भवन की मांग किया, जिस पर विधायक कुंवर निषाद ने भवन बनाने की घोषणा करते हुए कहा पटेल समाज ईमानदार समाज होता है जो अपने मेहनत पर विश्वास रखता है और एक–एक रुपए जोड़कर अपने परिवार का पालन करता है, पटेल समाज भवन की मांग स्वीकार करते हुए नए भवन बनाने हेतु 10 लाख देने की घोषणा किया। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा पटेल समाज की कड़ी मेहनत, ईमानदार, स्वभाव ही इस समाज की पहचान है, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मरार समाज रायपुर सुनील पटेल सहित सामाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
मनाली टूर
03 दिन
Ex-दिल्ली
6, 13, 20, 27 फरवरी 2026
6, 13, 20, 27 मार्च 2026
होटल, टैंपू ट्रैवलर, खाना, गाईड
राशि-मात्र 6000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411